# सैमसंग सहित चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**राब्यू, जागरण● लखनऊः** सरकार मोबाइल निर्माता सैमसंग की नोएडा इकाई सहित चार कंपनियों को 189.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। उप्र औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत यह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

स्वीकृति के बाद सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124,58,43,888 रुपये, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42,05,80,239 रुपये, एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20,49,18,513 रुपये और पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को 2,57,05,275 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। आज दुनिया भर में बिकने वाले 25 प्रतिशत से अधिक सैमसंग स्मार्टफोन भारत में निर्मित हो रहे हैं, जिनका अधिकांश भाग भारत की मोबाइल विनिर्माण राजधानी नोएडा में बन रहा है।